Dr. Kumar Purushotam Singh Nirala
MBBS, MS
State Programme Officer
Family Planning, MTP, RTI/STI

बिहार सरकार

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
An ISO 9001:2008 Certified Agency
स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार

पत्रांक : SHSB/GA/1198/14/............

पटना, दिनांकः ....

सेवा में,

सभी सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,
जिला स्वास्थ्य समिति, बिहार

विषयः परिवार कल्याण कार्यक्रम अन्तर्गत मुद्रित प्रपत्रों एवं दिशा–निर्देश पुस्तकों का वितरण एवं उपयोग के संबंध में।

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि वित्तीय वर्ष 2016–17 में परिवार कल्याण कार्यक्रम अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण प्रगति हेतु उपयोग में लाये जाने वाले अतिमहत्वपूर्ण प्रपत्रों यथा आवेदन–सह–सहमति पत्र (Consent form for Female & Male Sterilization), बंध्याकरण / नसबंदी पश्चात् निर्देश कार्ड (Post Operative Instruction Card- Female Sterilization/Male Sterilization), बंध्याकरण / नसबंदी प्रमाण–पत्र (Sterilization Certificate-Female/Male), Medical record & Checklist एवं तीन प्रकार के रजिस्टर यथा IUCD service Delivery & Follow up register, PPIUCD Service delivery & Follow up register, RMNCH/FP Counsellor Register का मुद्रण करा कर सभी जिलों में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के अधिकृत मुद्रण एजेन्सी द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है।

इसी क्रम में मान्नीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार परिवार कल्याण कार्यक्रम के गुणवत्तापूर्ण संचालन हेतु उपरोक्त सभी प्रपत्रों / रजिस्टरों का उपयोग निर्धारित दिशा निर्देशानुसार सभी संबंधित सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में किया जाना अत्यावश्यक है।

अतः अपेक्षित है कि उपरोक्त प्रपत्रों / रजिस्टरों को वित्तीय वर्ष 2015–16 में किये गये परिवार कल्याण ऑपरेशन के अनुपात में सभी संबंधित सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध कराते हुये इसका उपयोग निर्धारित दिशा निर्देशानुसार सुनिश्चित करें ताकि परिवार कल्याण कार्यक्रम की गुणवत्ता मुखर हो सके एवं इसकी आमजन में स्वीकार्यता स्थापित हो सके।

विश्वासभाजन,
ह0 / –
(डा0 कुमार पुरूषोत्तम सिंह निराला)

ज्ञापांकः 451 पटना, दिनांक 21.4.16

प्रतिलिपिः

– सचिव, स्वास्थ्य–सह–कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को कृपया सूचनार्थ समर्पित।
– सभी क्षेत्रीय अपर निदेशक (स्वास्थ्य सेवायें), बिहार सरकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22-4-16

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी

स्वस्थ बिहार समृद्ध बिहार